# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

# एम .ए. हिन्दी उत्तरार्द्ध परीक्षा

# **एमएएचडी-**08 आधुनिक हिन्दी कविता और गीत परम्परा

**अवधि 3 घंटे** **अधिकतम अंक 80**

निर्देश : प्रश्न पत्र खण्ड अ, ब और स में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलघूत्तरात्मक है, खण्ड 'ब' लघूत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

प्रश्न बैंक

**खंड अ (अतिलघूत्तरात्मक)**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए. अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द हैं.**

1. नई कविता का विधिवत शुभारंभ कहाँ से हुआ?
2. दूसरा सप्तक के कवियों के नाम बताइए.
3. नई कविता के विकास में किन-किन पत्रिकाओं ने योगदान दिया?
4. नई कविता के महत्वपूर्ण कवियों के नाम बताइए.
5. नई कविता कैसी कविता है?
6. अतिव्यक्तिवादी चिंतन ने नई कविता के कवियों को किन तत्वों से विमुख कर दिया?
7. पौराणिक कथा को आधार बनाकर आधुनिक युग को चित्रित करने वाली किन्ही चार प्रबंध रचनाओं के नाम बताइए.
8. डॉ. श्याम परमार ने 'अंतर्विरोधों' की अन्वेषक कविता को क्या नाम दिया?
9. 'नई कविता' के विविध आंदोलनों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण काव्यांदोलन कौन-सा है?
10. मुक्तिबोध के अनुसार नई कविता क्या है?
11. शमशेर बहादुर सिंह की पाँच प्रसिद्ध कविताओं के नाम बताइए.
12. शमशेर बहादुर सिंह की प्रतःम प्रकाशित कविता का नाम बताइए.
13. शमशेर बहादुर सिंह के किस काव्य संग्रह को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ?
14. शमशेर ने छह दशक की अपनी काव्य यात्रा में कितनी कविताओं की रचना की थी?
15. शमशेर द्वारा लिखित अपूर्ण उपन्यास का नाम बताइए.
16. शमशेर मूलतः कैसे चित्रकार हैं?
17. लौट आ, ओ फूल की पंखड़ी - पंक्ति में 'फूल' किसका प्रतीक है?
18. सागर तट कविता में कवि ने किसका चित्रण किया है?
19. 'घिर गया है समय का रथ' कविता का आरंभ कैसे होता है?
20. 'टूटी हुई बिखरी हुई कैसी कविता है?
21. विजयदेव नारायण साही के अनुसार शमशेर कैसे कवि हैं?
22. शमशेर की काव्यानुभूति किसी है?
23. शमशेर की कविताओं में प्रेम के किस रूप का चित्रण है?

24. किन-किन पर शमशेर ने कविताएँ लिखी?
25. शमशेर की कविताओं में प्रकृति और मनुष्य के संबंध कैसे उद्घाटित हुआ है?
26. शमशेर की काव्यभाषा अपने सर्वोत्तम रूप में कैसी है?
27. हिंदी में बिंब एवं जापानी हाइकू की चर्चा कब आरंभ हुई?
28. 'शांति के लिए' कविता में शमशेर ने किस बात पर बल दिया है?
29. शमशेर ने अधिकांश काव्य प्रतीक कहाँ से लिए हैं?
30. आधुनिक हिंदी कवियों में शमशेर किस रूप में जाने जाते हैं?
31. मुक्तिबोध के लिए साहियत्य क्या था?
32. 'ब्रहमराक्षस' कविता के काठ को मुक्तिबोध कैसे व्यक्त करते हैं?
33. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' कविता किस उपन्यास से प्रभावित है?
34. कविता का ब्रहमराक्षस कैसा था?
35. 'भूल गलती' कविता में सुल्तानी सत्ता को पलटने के लिए किसकी आवश्यकता है?
36. हिंदी कविता में मुक्तिबोध का मुक्तिबोध का पदार्पण किस समय हुआ?
37. भूल-गलती, ब्रहमराक्षस, चाँद का मुँह टेढ़ा है इन तीनों कविताओं में कौन-से शब्द-चित्र समान रूप से दोहराए गए हैं?
38. 'भूल गलती' कविता किस संकलन की पहली कविता है?
39. 'भूल गलती' कविता में ईमान किसका प्रतीक है?
40. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' कविता में घुग्घू किसके प्रतीक हैं?
41. मुक्तिबोध का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
42. मुक्तिबोध का पूरा नाम क्या था?
43. मुक्तिबोध की काव्य कला किस पर आधारित है?
44. मुक्तिबोध की लंबी कविताओं की विशेषता क्या है?
45. मुक्तिबोध के काव्य की कौन-सी विशेषता उन्हें जनकवि का दर्जा दिलाती है?
46. हिंदी समीक्षा के क्षेत्र में किन पुस्तकों ने मुक्तिबोध को महत्वपूर्ण स्थान दिलाया?
47. डॉ. नामवर सिंह ने मुक्तिबोध के संबंध में क्या कहा है?
48. मुक्तिबोध की प्रारंभिक रचनाएं किस पत्रिका में प्रकाशित हुई?
49. 'तार सप्तक' में मुक्तिबोध की कितनी कवितायें प्रकाशित हुई?
50. मुक्तिबोध की किस पुस्तक पर मध्य प्रदेश सरकार ने प्रतिबंध लगाया था?
51. नरेश मेहता का जन्म कब हुआ?
52. नरेश मेहता के महाप्रस्थान खंड काव्य में कितने सर्ग हैं?
53. नरेश मेहता की प्रारंभिक कविताएँ कहाँ प्रकाशित हुईं?
54. नरेश मेहता के प्रमुख खंड काव्यों के नाम क्या है?
55. नरेश मेहता कौन-कौन से आंदोलन में सक्रिय रहे?
56. नरेश मेहता की प्राहम औपन्यासिक साहित्यिक कृति किस नाम से प्रकाशित हुई?
57. महाप्रस्थान खंड काव्य का प्रकाशन कब हुआ?
58. महाप्रस्थान खंड काव्य का कथ्य कहाँ से लिया गया है?

59. महाप्रस्थान खंड काव्य के माध्यम से कवि ने किन मूल्यों को स्थापित करने का प्रयास किया?
60. नरेश मेहता के पाँच काव्य संग्रहों के नाम बताइए.
61. नरेश मेहता ने महाप्रस्थान में किस समस्या को उठाया है?
62. महाप्रस्थान खंड काव्य में किसको अधिक महत्व दिया गया है?
63. महाप्रस्थान खंड काव्य में किन जीवन मूल्यों की बता की गई है?
64. युद्ध के उपरांत समाज में क्या बढ़ जाती है?
65. 'महाप्रस्थान' खंड काव्य के अनुसार लोक कल्याण कैसा जीवन मूल्य है?
66. 'महाप्रस्थान' खंड काव्य के अनुसार युद्ध धर्म कब बन जाता है?
67. युधिष्ठिर के व्यक्तित्व में निहित लोकहित की भावना को स्पष्ट करते हुए कवि ने क्या लिखा है?
68. नरेश मेहता के खंड काव्यों की विशिष्टता क्या है?
69. 'महाप्रस्थान' खंड काव्य में कवि ने धृतराष्ट्र की अंधता के माध्यम से किस ओर संकेत किया है?
70. नरेश मेहता भाषा की दृष्टि से कैसे कवि हैं?
71. गिरिजा कुमार माथुर का जन्म कब हुआ?
72. गिरिजा कुमार माथुर की प्रारंभिक कविताएँ कैसी थीं?
73. गिरिजा कुमार माथुर ने किस भाषा से अपनी काव्ययात्रा शुरू की थी?
74. गिरिजा कुमार माथुर की प्रारंभिक रचनाएँ किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थीं?
75. गिरिजा कुमार माथुर के पहले संग्रह का नाम क्या था?
76. गिरिजा कुमार माथुर के आधुनिक विज्ञान काव्य के रूप में प्रसिद्ध काव्य नाटक का क्या नाम है?
77. गिरिजा कुमार माथुर की प्रसिद्ध काव्य कृतियों का उल्लेख कीजिए.
78. गिरिजा कुमार माथुर की मृत्यु के पश्चात प्रकाशित काव्य का क्या नाम है?
79. 'धूप के धान' काव्य संग्रह में कितनी कविताएँ संकलित हैं?
80. 'जो बंध नहीं सका' काव्य संग्रह कितने उपशीर्षकों में विभाजित है?
81. गिरिजा कुमार माथुर की कविताओं का केंद्रीय भाव क्या है?
82. गिरिजा कुमार माथुर की कविताओं में पीड़ा और वेदना किस रूप में दिखाई देती है?
83. गिरिजा कुमार माथुर को कैसे काव्य का प्रवर्तक माना जाता है?
84. गिरिजा कुमार माथुर किस कविता के प्रतिनिधि कवि हैं?
85. गिरिजा कुमार माथुर की कविताओं की विशेषता क्या है?
86. '15 अगस्त 1947' कविता में आये 'पहरुए' शब्द का क्या अर्थ है?
87. 'ये पहिए हैं आधार सभयता संस्कृति के' - इस कविता की दूसरी पंक्ति कहा है?
88. 'अनझर इस कमल की/ कोई पंखुरी बिखरे ना' - में 'कमल' शब्द के दो पर्याय बताइए.
89. 'कल्पांतर' और 'पृथ्वी कल्प' कैसे काव्य हैं?
90. 'दियाधरी' और 'ढाकवनी' में .................... जीवन चित्र उकेरा गया है. रिक्त स्थान की पूर्ती कीजिए.

91. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का जन्म कब हुआ?
92. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना किन लघु पत्रिकाओं के संपादक और उप-संपादक रहे?
93. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के लघु उपन्यास का नाम क्या है?
94. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के कहानी संग्रहों के नाम बताइए.
95. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषता क्या है?
96. 'तीसरा सप्तक' में संकलित सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविताओं की संख्या बताइए.
97. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के प्रथम काव्य संग्रह का क्या नाम है?
98. 'बांस का पुल' कविता संग्रह की कविताओं का मुख्य विषय क्या है?
99. खूंटियों पर टंगे लोग' कविता संग्रह कितने भागों में विभाजित हैं?
100. 'बांस का पुल' कविता संग्रह किन्हें समर्पित हैं?
101. 'बांस का पुल' काव्य संग्रह में कितनी कविताएँ संकलित हैं?
102. 'एक सूनी नाव' काव्य संग्रह का प्रकाशन कब हुआ?
103. 1969 में प्रकाशित 'गर्म हवाएँ' सर्वेश्वर की काव्य यात्रा की कौन-सी सीढ़ी है?
104. 'गर्म हवाएँ' काव्य संग्रह के दूसरे खंड की कविताएँ किन्हें समर्पित हैं?
105. 'कुआनो नदी' कविता कितनी संस्कृतियों को आपने वृत्त में समेटती है?
106. 'कुआनो नदी' कविता के तीनों खंडों के नाम बताइए.
107. 'कुआनो नदी' कविता का तीसरा खंड - 'कुआनो नदी - खतरे का निशान' किसका प्रतीक है?
108. सर्वेश्वर की मृत्यु के बाद प्रकाह्सित काव्य संग्रह का क्या नाम है?
109. 'कोई मेरे साथ चेले' शीर्षक काव्य संग्रह की सबसे प्रभावी और सशक्त रचना कौन-सी है?
110. 'बांस का पुल' काव्य संग्रह में संकलित कुछ प्रमुख कविताओं का नामोल्लेख कीजिए.
111. धर्मवीर भारती का जन्म कब हुआ?
112. धर्मवीर भारती की काव्ययात्रा की शुरूआत कहाँ से हुयी?
113. धर्मवीर भारती किस पत्रिका के संपादक थे?
114. भारत सरकार ने धर्मवीर भारती को किस उपाधि से सम्मनित किया था?
115. धर्मवीर भारती द्वारा लिखित उपन्यासों के नाम बताइए.
116. धर्मवीर भारती की दो प्रमुख काव्यकृतियों के नामोल्लेख कीजिए.
117. धर्मवीर भारती किस रूप में विख्यात हैं?
118. 'कनुप्रिया' के इतिहास के खंड में कितने गीत हैं?
119. धर्मवीर भारती द्वारा रचित नाटक का नाम बताइए.
120. 'अंधा युग' कितने अंकों में लिखा गया नाटक है?
121. धर्मवीर भारती के अंतिम काव्य संग्रह का नामा बताइए.
122. 'अंधा युग' किस शैली में रचित प्रबंध काव्य है?
123. 'ठंडा लोहा' काव्य संग्रह में ठंडा लोहा किसका प्रतीक है?
124. धर्मवीर भारती की कविता 'प्रमुथ्यु गाथा' किसकी ओर इशारा करती है?
125. धर्मवीर भारती की 'प्रमथ्यु गाथा' कविता किस ओर इशारा करती है?

126. धर्मवीर भारती की कविताएँ किसका उदहारण हैं?
127. धर्मवीर भारती के अनुसार काव्यभाषा कैसी होनी चाहिए?
128. धर्मवीर भारती के काव्य में किन शैलियों का अधिक प्रयोग हुआ है?
129. धर्मवीर भारती के काव्य में प्रमुखतः किन बिंबों का अप्रयोग हुआ है?
130. 'टूटा पहिया' किसकी रचना है?
131. अशोक वाजपेयी ने एम.ए. किस विषय में क्या था?
132. अशोक वाजपेयी कैसे कवि हैं?
133. काव्य संचयन 'विवक्षा' में संकलित कविताओं की संख्या बताइए.
134. अशोक वाजपेयी किस विश्वविद्यालय के पहले कुलपति थे?
135. अशोक वाजपेयी के द्वारा सम्पादित पत्रिकाओं के नाम बताइए.
136. अशोक वाजपेयी की कविताओं का अनुवाद किन भाषाओं में हुआ है?
137. अशोक वाजपेयी के पांच प्रमुख संग्रहों का नाम बताइए.
138. अशोक वाजपेयी के लिए भाषा क्या है?
139. अशोक वाजपेयी के जनसता दैनिक में होने वाले स्तंभ का क्या नाम है?
140. अशोक वाजपेयी किन पुरस्कारों और सामानों से सम्मानित हुए?
141. नंदकिशोर आचार्य हिंदी के कवि-आलोचकों की किस समृद्ध परम्परा में आते हैं?
142. नंदकिशोर आचार्य कैसे कवि हैं?
143. नंदकिशोर आचार्य कविता के अनुभव को क्या मानते हैं?
144. नंदकिशोर आचार्य को कवि के रूप में ख्याति कब प्राप्त हुई?
145. नंदकिशोर आचार्य के महत्वपूर्ण काव्य संग्रहों का नामोल्लेख कीजिए.
146. नंदकिशोर आचार्य की गांधी चिंतन प्र केंद्रित पुस्तकों का नाम बताइए.
147. नानाद्किशोर आचार्य द्वारा सम्पादित पत्रिकाओं का नाम बताइए.
148. नंदकिशोर आचार्य किन-किन पुरस्कारों से सम्मानित हुए हैं?
149. 'अमृत' शीर्षक कविता किस वर्ष में लिखी गई थी?
150. 'वत्सल निधि' के संस्थापक कौन हैं?
151. सोहनलाल दिवेदी का काव्य गीत किसे समर्पित है ?
152. राष्ट्र का मेरुदंड किसे और क्यों कहा गया है ?
153. सोहनलाल दिवेदी के काव्य गीत की प्रमुख चेतना काया है ?
154. 'खादी गीत' सुनकर मालवीय जी ने दिवेदी जी की प्रशंसा किस प्रकार की ?
155. 'शिशु भारती' संस्था के पीछे कौन सी भावना थी ?
156. सोहनलाल दिवेदी जी के गीतों के राष्ट्रीय नायक कौन थे?
157. सोहनलाल दिवेदी जी के गीतों का उदेदेश्य स्पस्ट कीजिए.
158. सोहनलाल दिवेदी जी के गीतों में किस अलंकर का प्रयोग हुआ है ?
159. मेरी इष्टदेवी भारत माता है ... सोहनलाल द्वेदी का यह कथन किस मनोभावना को समर्पित है?
160. सोहनलाल दिवेदी जी की शब्द सम्पदा कैसी है?
161. वीरेंद्र मिश्र ने गीतों की परम्परागत धारणा को कैसे गलत ठहराया ?

162. वीरेंद्र मिश्र के किस संकलन को पहला ‘नवगीत’ संकलन मन जाता है ?
163. ‘लेखनी बेला गीत’ संग्रह में किस विचारधारा का विरोध है ?
164. वीरेंद्र मिश्र ने अपनी सम्वेदना को कैसे अभिव्यक्त किया है ?
165. 5. वीरेंद्र मिश्र का कृतित्व कैसा है ?
166. 6. वीरेंद्र मिश्र के गीत किसमें प्रयुक्त हुए हैं?
167. 7. वीरेंद्र मिश्र के पहले गीत संग्रह का नाम बताइए तथा वह कब प्रकाशित हुआ?
168. 8. वीरेंद्र मिश्र का पहला नवगीत संकलन कौन सा है ?
169. 9. 'हम उब गए हैं अपनी रची व्यवस्था से...' इससे कवि क्या कहना चाहता है?
170. 10.वीरेंद्र मिश्र ने किस रूप में अपना जीवन बिताया?
171. भवानी प्रसाद मिश्र की काव्य साधना किस तथ्य का प्रमाण है ?
172. भवानी प्रसाद मिश्र कैसे कवि हैं ?
173. ‘चकित दुःख’ का प्रकाशन कब हुआ?
174. ‘गीत फरोश’ कविता  की लोकप्रियता का मुख्य कारण क्या है ?
175. भवानी प्रसाद मिश्र को ‘राजपथ’ का आधार क्या है ?
176. कैसे कहा सकते हैं कि कवि मिश्र जी अन्धानुकरण के पक्ष में नहीं हैं?
177. भवानीप्रसाद मिश्र जी की कुछ कृतियों के नाम बताइए|
178. १९६८ में मिश्र जी की कौनसी कृति का प्रकाशन हुआ?
179. मिश्र जी की किस कविता में गाँधीवादी विचारधारा दिखाई देती है ?
180. दूसरा तारसप्तक में मिश्र जी ने क्या लिखा है?
181. नीरज के गीतों का प्रमुख प्रतिपाद्य क्या है ?
182. नीरज के गीतों के आवश्यक तत्व क्या हैं?
183. कवि नीरज का पूरा नाम लिखिए |
184. नीरज का काव्य किससे प्रभावित रहा है ?
185. नीरज ने गीत के बारे में क्या कहा है?
186. गेयता का अर्थ लिखिए.
187. नीरज की कविता में किस शब्द शक्ति की प्रमुखता रही है ?
188. 'नील’ की बेटी गीत में किस चेतना को देखा जा सकता है ?
189. 'मृत्यु गीत’ किससे प्रभावित है?
190. नीरज के गीतों में पीड़ा निराशा - बोध झलकने के कारण उन्हें क्या कहा गया है ?
191. सियारामशरण प्रसाद ने गीत को किस संज्ञा से अभिहित किया है?
192. सन् १९५० के बाद लिखे जाने वाले गीतों को क्या नाम दिया है ?
193. 'भारतीय ज्ञान पीठ’ के किस पद के लिए राही का चयन हुआ ?
194. बालस्वरूप राही के साहित्यिक व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण पहलू क्या है?
195. बालस्वरूप राही की दृष्टि में नव गीत क्या है?
196. बालस्वरूप राही का प्रथम गीति संग्रह का नाम लिखिए |
197. राही के गीतों का प्रमुख आकर्षण क्या है?
198. शिल्प की दृष्टि से राही के गीतों की मूल विशेषता बताइए|
199. राही की प्रसिद्दी किस रूप में हुई ?

200. ज्ञानपीठ के बाद राही ने किस रूप में कार्य किया ?

201. रमानाथ अवस्थी किस परम्परा के कवि हैं ?

202. रमानाथ अवस्थी के गीतों की विकास यात्रा के बारे में लिखिए.

203. रमानाथ अवस्थी के कितने गीत काव्य संग्रह प्रकाशित हुए हैं ?

204. रमानाथ अवस्थी किस प्रकार के गीतकार हैं?

205. रमानाथ अवस्थी के गीतों की विशेषता बताइए.

206. रमानाथ अवस्थी ने किन गीतों की रचना की है ?

207. 'यदि दर्द न होता' कविता में किसका दर्द व्यक्त हुआ है ?

208. .काव्य के शिल्प पक्ष को महत्वपूर्ण बनाने में किसका योगदान होता है?

209. अवस्थी जी के गीतों पर किसका प्रभाव दिखाई देता है?

210. गीतों के माध्यम से कवि ने किन मूल्यों की स्थापना की है?

211. नव गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताइए.

212. नई कविता के दौर में गीत केंद्रीय काव्य विधा क्यों नहीं बन पाई?

213. "दूर होती जा रही कल्पना,पास आती जा रही जिंदगी" आशय स्पस्ट कीजिए.

214. गीतों में लोक जीवन की प्रमुखता की चेतना का द्योतक है?

215. नव गीत का मूलार्थ क्या है?

216. नव गीत का यथार्थ बोध परम्परा गीत से सर्वथा भिन्न कैसे है?

217. 'जलते शहर में' काव्य संग्रह में किस यन्त्रण का उलेख किया गया है?

218. महाभारत के प्रसंगों के माध्यम से नव गीतों में यथार्थ का चित्रण कैसे हुआ है?

**219.** 'गाँव की चौपाल अपनी ...... किस तरह केसे बचाएँ'—यह पंक्तियाँ माधव कौशिक की किस चिंता को व्यक्त करती हैं?

**220.** नव गीतकर के सामने कौनसी समस्याएँ है ?

**'खंड अ' के उत्तर**

1. 1951 में प्रकाशित 'दूसरा सप्तक' से विधिवत नई कविता का शुभारंभ माना जाता है.
2. 'दूसरा सप्तक' के प्रमुख कवि हैं - भवानी प्रसाद मिश्र, शकुंत माथुर, हरिनारायण व्यास, शमशेर बहादुर सिंह, नरेश मेहता, रघुवीर सहाय, धर्मवीर भारती.
3. नई कविता के विकास में प्रतीक पत्रिका (1947), नए पत्ते (1953), नई कविता (1954) आदि पत्रिकाओं ने महती भूमिका निभाई.
4. नई कविता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर हैं - अज्ञेय, गिरिजाकुमार माथुर, धर्मवीर भारती, गजानन माधव मुक्तिबोध, भारत भूषण अग्रवाल, कुंवरनारायण, प्रभाकर माचवे, सर्वेश्वर द्यालय सक्सेना और नरेश मेहता.
5. 'नई कविता' परंपरा से विच्छेद की कविता है.
6. अतिव्यक्तिवादी चिंतन ने कवियों को परंपरा के जीवित तत्वों से विमुख कर दिया.
7. पौराणिक कथा को आधार बनाकर आधुनिक युग को चित्रित करने वाले प्रबंध रचनाएँ हैं - धर्मवीर भारती कृत अंधा युग, कनुप्रिया, कुंवरनारायण कृत चक्रव्यूह, आत्मजयी, नरेश मेहता कृत संशय की एक रात, महाप्रस्था, प्रवाद पर्व तथा दुष्यन्त कुमार कृत एक कंठ विषपायी.
8. डॉ. श्याम परमार ने 'अंतर्विरोधों की अन्वेषक कविता' को 'अकविता' नाम दिया.
9. 'समकालीन कविता' नई कविता के विविध काव्यंदोलनों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है.
10. मुक्तिबोध के अनुसार नई कविता वैविध्यमय जीवन के प्रति आत्मचेतस व्यक्ति की प्रतिक्रिया.
11. लौट आ ओ धार, सागर तट, घिर गया है समय का रथ, एक पीली शाम और टूटी हुई बिखरी हुई आदि शमशेर की प्रसिद्ध कविताएँ हैं.
12. 1938 में ''रूपाम' में प्रकाशित 'फिर भी क्यों' शमशेर बहादुर सिंह की प्रथम कविता है
13. 1977 में शमशेर को उनके काव्य संग्रह 'चुका भी नहीं मैं' पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ.
14. शमशेर ने अपनी छह दशक की काव्य यात्रा में कम-से-कम तीन सौ कविताओं का सृजन किया.
15. शमशेर द्वारा लिखित अपूर्ण उपन्यास का नाम है 'दो बहनें'.
16. शमशेर मूलतः भावों के चित्रकार हैं.
17. लौट आ ओ फूल की पंखड़ी में 'फूल' आकांक्षा एवं संभावनाओं का प्रतीक है.
18. इस कविता में कवि ने वर्षा के बाद सागर तट का चित्रण किया है.
19. 'घिर गया है समय का रथ' कविता का आरंभ काली रात के आने से होता है जो संध्या का टीका अर्थात चंद्रमा को अपने साथ लेकर आई है.
20. टूटी हुई बिखरी हुई प्रेम कविता है
21. विजयदेव नारायण साही के अनुरूप शमशेर प्रेम और सौंदर्य के कवि हैं.
22. शमशेर की काव्यानुभूति सौंदर्य की अनुभूति हैं
23. शमशेर की कविताओं में प्रेम के सहज, आत्मीय एवं स्वतःस्फूर्त स्वभाव का चित्रण हुआ है. इसमें न रीतिकालीन प्रेम के पुरुष केंद्रित सोच की छाया है और न छायावादी प्रेम की वायवीयता से दबी हुई भावनाएँ हैं. इसमें किसी भी प्रकार के स्वाभविक का निषेध है.

24. मुक्तिबोध, मोहन राकेश, सुभद्राकुमारी चौहान, भुवनेश्वर और कॉमरेड रुद्रदत भारद्वाज के बारे में शमशेर ने कविताएँ लिखी हैं.
25. शमशेर के काव्य में प्रकृति और मनुष्य का जो संबंध उद्घटित हुआ है वह पारंपरिक ढंग से बिलकुल अलग है.
26. शमशेर की काव्यभाषा अपने सर्वोत्तम रूप में बिंबधर्मी है.
27. हिंदी में बिंब एवं जापानी हाइकू की चर्चा छठवें दशक में आरंभ हुई थी
28. युध्ह पीड़ित युग के लिए शांति की आवश्यकता पर जोर दिया गया है.
29. शमशेर के अधिकांश काव्य प्रतीक प्रकृति से ग्रहण किए गए हैं.
30. आधुनिक हिंदी कवियों में शमशेर 'कवियों के कवि' के रूप में जाना जाता है.
31. साहित्य मुक्तिबोध के लिए रोजगार की वस्तु नहीं बल्कि वह उनके लिए आत्मसंघर्ष और सामाजिक रूपांतरण का एक सशक्त औजार है.
32. 'ब्रहमराक्षस' कविता के कथ्य को मुक्तिबोध एक फैंटसी द्वारा व्यक्त करते हैं.
33. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' कविता के कथ्य और परिवेश पर गोर्की के 'माँ' उपन्यास का बहुत गहरा प्रभाव रहा.
34. कविता का ब्रहमराक्षस ज्ञानी है तथा उसने अब तक के प्राप्त ज्ञान का गहन अध्ययन-विश्लेषण किया है. उन्हें नई व्याख्या दी है.
35. सुल्तानी सत्ता को पलटने के लिए क्रांति की आवश्यकता है.
36. हिंदी कविता में मुक्तिबोध का पद्रपन उस समय हुआ जब छायावाद का अवसान हो रहा था और प्रगतिवाद अपने वर्चस्व को स्थापित करने के लिए प्रयासरत था.
37. भूल-गलती, ब्रहमराक्षस, चाँद का मुँह टेढ़ा है इन तीनों कविताओं में घुग्घू, भूत-प्रेत, अँधेरे ताल और बावड़ी, खंडहर, स्वयं ब्रहमराक्षस, सूर्य-चंद्र और जोरदार वाद-विवाद के स्वरों के चित्र समान रूप से दोहराए गए हैं.
38. 'भूल गलती' कविता मुक्तिबोध के प्रतिनिधि काव्य 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' की पहली कविता है.
39. ईमान उस मानवता का प्रतीक है जो शोषित-दलित है, जो श्रम बेचकर अपनी जीविका चलाता है.
40. यह घुग्घू वर्ग वस्तुतः उन लोगों का प्रतीक है जो अपने समकालीन राजनीतिक यथर्थ से तो निरपेक्ष बना रहता है किंतु जो संस्कृति की चिंता का पाखंड करता है.
41. मुक्तिबोध का जन्म 13 नवंबर 1917 को ग्वालियर के श्योपुर कस्बे में हुआ
42. गजानन माधव मुक्तिबोध
43. मुक्तिबोध की काव्य कला फैंटेसी पर आधारित है.
44. मुक्तिबोध की लंबी कविताओं में गहन अनुभूति के साथ-साथ विचार प्रक्रिया भी चलती है.
45. सामान्य जन के प्रति समर्पित मुक्तिबोध की निष्ठा उन्हें प्रगतिशील जनकवि का दर्जा दिलाती है.
46. कामायनी : एक पुनर्विचार और एक साहित्यिक की डायरी.
47. डॉ. नामवर सिंह का कथन है कि मुक्तिबोध उन कवियों में से हैं जो अपने युग के सफल कवी नहीं, बल्कि सार्थक कवि कहलाने योग्य हैं.
48. माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा संपादित 'कर्मवीर' में मुक्तिबोध की प्रारंभिक रचनाएँ प्रकाशित हुईं

49. 16 कविताएँ
50. 1962 में प्रकाशित पुस्तक 'भारत : इतिहास और संस्कृति' पर मध्य प्रदेश सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था.
51. 15 फरवरी 1922 को शाजापुर (मध्यप्रदेश) में.
52. तीन सर्ग - यात्रा पर्व, स्वाहा पर्व और स्वर्ग पर्व.
53. 'दूसरा सप्तक' में.
54. पुरुष, संशय की एक रात, महाप्रस्थान, प्रवाद पर्व, शबरी तथा प्रार्थना पुरुष.
55. भारत छोड़ो आंदोलन तथा छात्र आंदोलन.
56. ट्रो-चज से पीछे
57. 1975 में महाप्रस्थान खंड काव्य का प्रकाशन हुआ.
58. महाभारत की कथा से.
59. नैतिक तथा प्रजातांत्रिक मूल्य.
60. वनपाखी समो, बोलने दो चीड को, मेरा समर्पित एकांत, उत्सवा और तुम मेरा मौन हो.
61. व्यक्ति और राजनीती के मध्य व्याप्त असामंजस्य के समस्या.
62. बंधु तथा अनाम मनुष्य को अधिक महत्व दिया गया है.
63. मानवतावादी जीवन मूल्य.
64. युद्ध के उपरांत समाज में वर्ण संकरता बढ़ जाती है. प्रत्येक युद्ध चाहे वह आंतरिक हो अथवा बाह्य, मानव के अस्तित्व नष्ट हो जाता है.
65. लोक कल्याण एक सार्वदेशिक और सार्वकालिक जीवन मूल्य है.
66. मानवता की खोज के लिए युद्ध का धर्म बनता है.
67. सृष्टि करुणा के बदले/ मैं स्वर्ग भी नहीं स्वीकारूँगा.
68. पौराणिक मिथकों के माध्यम से समसामायिक संदर्भों की अभिव्यक्ति नरेश मेहता के खंड काव्यों की विशेषता है.
69. कवि ने धृतराष्ट्र के माध्यम से समसामायिक परिवेश में व्याप्त भौतिक अंधता तथा नैतिक अंधता की ओर संकेत किया है.
70. प्रयोगशील प्रवृत्ति के कवि.
71. गिरिजा कुमार माथुर का जन्म 22 अगस्त 1919 को मध्यप्रदेश राउथ में ग्वालियर के पछार नामक कस्बे में हुआ.
72. गिरिजा कुमार माथुर की प्रारंभिक कविताओं में प्रेम-प्रगीत एवं शृंगार सौंदर्य की ही उपासना की अभिव्यक्ति अधिक है.
73. गिरिजा कुमार माथुर ने ब्रज भाषा से अपनी काव्ययात्रा का प्रारंभ किया.
74. वीणा और कर्मवीर में गिरिजा कुमार माथुर की प्रारंभिक रचनाएँ प्रकाशित हुईं थी
75. 1941 में प्रकाशित मंजीर गिरिजा कुमार माथुर के प्रथम काव्य संग्रह है.
76. गिरिजा कुमार माथुर के आधुनिक विज्ञान काव्य के रूप में प्रसिद्ध काव्य नाटक है कल्पांतर. इसका प्रकाशन 1983 में हुआ.
77. गिरिजा कुमार माथुर की प्रसिद्ध कृतियाँ हैं - मंजीर, नाश और निर्माण, धूप के धान, शिलापन्ख चमकीले, जो बंध नहीं सका, भीतरी नदी की यात्रा, कल्पांतर आदि.

78. ‘पृथ्वी कल्प’ का प्रकाशन 1994 में गिरिजा कुमार माथुर की मृत्यु के बाद हुआ.
79. ‘धूप के धान’ कविता संग्रह में विविध रंगों और रूपों की 45 कविताएँ सांकलित हैं.
80. ‘जो बंध नहीं सका’ कविता संग्रह को तीन उपशीर्षकों में विभाजित किया गया है - इतिहास की पीड़ा, काल दृष्टि एवं प्रतिबिंबों की लय.
81. प्रणय और शृंगार गिरिजा कुमार माथुर की कविताओं का केंद्रीय भाव है.
82. गिरिजा कुमार माथुर की कविताओं में पीड़ा और वेदना का स्वाभाविक अंकन प्राप्त होता है. इससे कवि कुंठित या विकृत नहीं बल्कि ऊर्जावान और सर्जनशील हैं.
83. गिरिजा कुमार माथुर को वैज्ञानिक काव्य का प्रवर्तक माना जाता है.
84. गिरिजा कुमार माथुर नई कविता के प्रतिनिधि कवि हैं.
85. वैज्ञानिक सोच एवं विश्व दृष्टि उनकी कविताओं की विशेषता है जो उन्हें अपने समकालीन कवियों से अलग करती है.
86. पहरुए का अर्थ है पहरेदार.
87. दूसरी पंक्ति है - प्रस्तर युग से जो ले आएँ हैं एटम तक.
88. पंकज और सरोज.
89. ‘कल्पांतर’ और ‘पृथ्वी कल्प’ वैज्ञानिक एवं विश्व काव्य हैं.
90. लोक जीवन.
91. 15 सितंबर 1927 को बस्ती (उत्तरप्रदेश) में सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का जन्म हुआ.
92. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ‘दिनमान’ के प्रमुख उप-संपादक रहे तथा ‘पराग’ के संपादक.
93. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के लघु उपन्यास का नाम है ‘सोया हुआ जल’.
94. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के कहानी संग्रहों के नाम हैं - पागल कुत्तों का मसीहा और लड़ाई.
95. स्पष्टवादिता, निर्भयता, स्वाभिमान और भावुकता.
96. ‘तीसरा सप्तक’ में सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की दो दर्जन से अधिक कवितायें संकलित हैं.
97. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की प्रथम प्रकाशित काव्य संग्रह है काठ की घंटियाँ.
98. ‘बांस का पुल’ काव्य संग्रह ‘की कविताओं का मुख्य विषय मध्यवर्गीय व्यक्ति और उसके मांस का यथार्थ है.
99. ‘खूंटियों पर टंगे लोग’ कविता संग्रह तीन खंडों में विभाजित है.
100. ‘बांस का पुल’ अज्ञेय को समर्पित है.
101. ‘बांस का पुल’ काव्य संग्रह में कुल 40 कविताएँ संकलित हैं.
102. ‘एक सूनी नाव’ काव्य संग्रह का प्रकाशन 1966 में हुआ.
103. 1969 में प्रकाशित ‘गर्म हवाएँ’ सर्वेश्वर की काव्ययात्रा की चौथी सीढ़ी है.
104. ‘गर्म हवाएँ’ काव्य संग्रह के दूसरे खंड की कविताएँ सर्वेश्वर की स्वर्गीय पत्नी को समर्पित है.
105. ‘कुआनो नदी’ कविता गाँव, कस्बा और नगर की तीन संस्कृतियों को समेटती है.
106. ‘कुआनो नदी’ कविता में तीन खंड हैं - कुआनो नदी, कुआनो नदी के पार और कुआनो नदी खतरे के निशान.

107. 'कुआनो नदी' कविता का तीसरा खंड 'कुआनो नदी खतरे के निशान' जनक्रांति का अप्रतीक अहि.

108. सर्वेसर के मृत्यु के बाद प्रकाशित काव्य संग्रह है 'कोई मेरे साथ चले'.

109. 'कोई मेरे साथ चले' काव्य संग्रह के एसबसे प्रभावी और सशक्त रचना है 'नाचो और रचो.'

110. 'बांस का पुल' काव्य संग्रह की प्रमुख कविताएँ हैं - पूर्णिमा प्यार, कैसे विचित्र है यह जिंदगी, सूरज, हेमन्त की संध्या, बाढ़, बसंत की शाम आदि.

111. धर्मवीर भारती का जन्म 1926 में इलाहाबाद में हुआ.

112. धर्मवीर भारती की काव्ययात्रा का शुभारंभ 'दूसरे सप्तक' से हुआ.

113. धर्मवीर बहर्ती 'धर्मयुग' के संपादक थे.

114. भारत सरकार ने धरमवीर भारती को पद्मश्री से सम्मानित किया था.

115. धर्मवीर भारती द्वारा लिखित उपन्यास है गुनाहों का देवता, सूरज का सातवाँ घोड़ा.

116. धर्मवीर भारती की दो प्रमुख काव्य कृत्यान हैं - अंधा युग, कनुप्रिया.

117. धर्मवीर भारती प्रतिभासंपन्न कवि, विचारक, कथाकार और गद्यकार के रूप में विख्य्य्त हैं.

118. 'कनुप्रिया' के 'इतिहास खंड' में सात गीत हैं.

119. धर्मवीर भारती द्वारा रचित नाटक है 'नदी प्यासी थी'.

120. 'अंधा युग' पांच अंकों में लिखा गया नाटक है.

121. स्वप्न अभी भी.

122. गीतिनाट्य शैली.

123. मध्यवर्गीय कुंठाओं.

124. जन जागृति और जन चेतना.

125. व्यक्ति स्वातंत्र्य चेतना.

126. समष्टि चेतना.

127. भाव की पूर्ण अनुगामिनी.

128. प्रतीकात्मक, लाक्षणिक और नाट्यात्मक शैली.

129. यथार्थपुष्ट बिंब.

130. 'टूटा पहिया' धर्मवीर भारती की रचना है.

131. अशोक वाजपेयी ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. किया.

132. अशोक वाजपेयी साहित्य और कलाओं में अप्रत्याशित तथा रहस्यपूर्ण को जानने की जिज्ञासा को लेकर चलने वाले कवि हैं.

133. काव्य संचयन 'विवक्षा' में संकलित कविताओं की संख्या लगभग 200 हैं.

134. अशोक वाजपेयी महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रतःम कुलपति बने.

135. अशोक वाजपेयी समवेत, पहचान, पूर्वाग्रह, बहुवचन, कविता एशिया, द बुक रिव्यू, समास, इन्डियन होराजन्स आदि हिंदी-अंग्रेजी पत्रिकाओं का संपादन किया.

136. बांग्ला, मराठी, उर्दू, राजस्थानी, अंग्रेजी और पोलिश भाषा में अनूदित.

137. शहर अब भी संभावना है, एक पतंग अनंत में, अगर इतने से, तत्पुरुष और बहुरि अकेला

138. अशोक वाजपेयी के लिए भाषा एकमात्र अनंत है.

139. 'जनसत्ता' दैनिक में अशोक वाजपेयी का प्रकाशित होने वाला स्तंभ है कभी-कभार.

140. साहित्य अकादमी पुरस्कार, दयावती मोदी कवि शमशेर सम्मान, फ्रेंच सरकार द्वारा ऑफिसर ऑफ दि ऑर्डर ऑफ ऑर्डर्स एंड लेटर्स (2005), पोलिश सरकार द्वारा ऑफिसर ऑफ दि ऑर्डर ऑफ क्रॉस (2004).

141. नंदकिशोर आचार्य हिंदी के कवि-आलोचकों की उस समृद्ध परंपरा में आते हैं जिसमें अज्ञेय, मुक्तिबोध से लेकर अशोक वाजपेयी तक अनेक सर्जक आलोचक रह आये हैं.

142. नंदकिशोर आचार्य प्रेम, अध्यात्म, मृत्यु तथा अस्तित्व की विडम्बनाओं की द्वंद्वात्मक अनुभूति और चिंतन के कवि हैं.

143. नंदकिशोर आचार्य कविता के अनुभव को शास्वत वर्तमानता का अनुभव मानते हैं. अतीत और भविष्य कविता में वर्तमान बन कर ही जगह पाते हैं. इन्हीं अर्थों में कविता काल्मुक्त होती है और काल्मुक्त करती है.

144. कवि के रूप में आचार्य जी की ख्याति 'चौथे सप्तक' के प्रकाशन से है.

145. जल है जहाँ, वह एक समुद्र था, शब्द भूले हुए आती है जैसे मृत्यु.

146. नंदकिशोर वाजपेयी की गांधी चिंतन पर केंद्रित पुस्तकें हैं - सभ्यता का विकल्प, मानव अधिकार के तकाजे.

147. नंदकिशोर आचार्य द्वारा सम्पादित पत्रिकाएँ हैं - नया प्रतीक, सप्ताहांत, चिति कविता, मरुदीप आदि.

148. मीरा पुरस्कार, बिहारी पुरस्कार, भुवनेश्वर पुरस्कार, राजस्थान नाटक अकेडमी तथा भुवालका जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा दिए गए सम्मान.

149. 'अमृत' शीर्षक कविता 1998 में लिखी गई है.

150. 'वत्सल निधि' के संस्थापक अज्ञेय हैं.

151. सोहनलाल दिवेदी का काव्य गीत भारतीयता को समर्पित है|

152. आदर्श को, क्योंकि इसके अभाव में राष्ट्र निर्भर नहीं हो सकता |

153. सोहनलाल दिवेदी के काव्य गीत की प्रमुख चेतना राष्ट्रीय चेतना है |

154. राष्ट्रीय भारती हिंदी का मष्तिष्क तुम्हारी सेवाओं से ऊँचा उठेगा |

155. राष्टीय चेतना तथा गाँधीवादी भावना थी|

156. गांधीजी

157. सर्वधर्म समन्वय की भावना को परिलक्षित करना |

158. बिबों का प्रयोग, अनुभूति की गहराई से समझने के लिए |
159. देश भक्ति की भावना को |
160. दिवेदी जी की शब्द सम्पदा विपुल है |
161. .
162. .
163. .
164. वीरेंद्र मिश्र ने अपनी सम्वेदना को गीतों के माध्यम से अभिव्यक्त किया है |
165. वीरेंद्र मिश्र का कृतित्व प्रासंगिक और वैचारिक ऊर्जा से दीप्त है |
166. वीरेंद्र मिश्र के गीत नुक्कड़ नाटकों में प्रयुक्त हुए हैं |
167. वीरेंद्र मिश्र के गीत संग्रह का नाम 'गीतम' है यह १९५३ में प्रकाशित हुआ |
168. वीरेंद्र मिश्र का पहला नवगीत संकलन 'अविरल चल मधुमती' है |
169. कवि अमानवीय व्यवस्था को बदलना चाहता है |
170. वीरेंद्र मिश्र ने फ्रीलांसर के रूप में अपना जीवन बिताया |
171. 'कविता में जिंदगी,जिंदगी में कविता' अर्थात आदर्शवादी होकर भी यथार्थ को छूना|
172. सामान्य जन की आशा, आकांक्षा और दुःख दर्द के कवि हैं|
173. भवानी प्रसाद मिश्र के 'चकित दुःख' का प्रकाशन १९६८ में हुआ |
174. गीत फरोश' कविता  की लोकप्रियता का मुख्य कारण तीखा व्यंग्य है |
175. सजग सचेतन के रूप में सामाजिक यथार्थ को प्रस्तुत करती है |
176. मिश्र जी आत्मबल और संघर्ष के कवि हैं |
177. 'त्रिकाल संध्या', 'अनाम तुम जाते हो', जिन्होंने मुझे रचा|
178. अंधरी कविताएँ |
179. मिश्र जी की 'सत्यकाम' कविता में गाँधीवादी विचारधारा दिखाई देती है |
180. दूसरा तारसप्तक में मिश्र जी बहुत मामूली रोजमर्रा क सुख दुःख इसमें कहे हैं |
181. नीरज के गीतों का प्रमुख प्रतिपाद्य श्रंगार है |
182. नीरज के गीतों के आवश्यक तत्व गेयता और संगीतात्मकता है|
183. गोपालदास सक्सेना 'नीरज' |
184. नीरज का काव्य हरिवंश राय बच्चन तथा महादेवी वर्मा से प्रभावित रहा है |
185. काव्य एक विधा स्वर - संकेत से व्यक्त होने वाला मन का एकांत भावाकुल उच्छ्‌वास है |
186. . गेयता का सामान्य का  अर्थ है - गाये जाने का गुण है |
187. नीरज की कविता में अभिधा शब्द शक्ति की प्रमुखता रही है |
188. 'नील' की बेटी गीत में  अन्तरराष्ट्रीय बोध देखा जा सकता है |
189. छायावादी युग की कृतियों से प्रभावित है |
190. पीड़ा के राजकुमार |
191. सियारामशरण प्रसाद ने गीत को 'आज का गीत' कहा है |
192. 'नव गी'त नाम दिया गया है |
193. सचिव पद |
194. गद्य लेखन |
195. बौद्धिकता एवं हार्दिकता का सामंजस्य नवगीत है |

196. 'मेरा रूप तुम्हारा दर्पण'|
197. प्रेम में ममत्व |
198. संगीतात्मकता की अल्पता तथा अभिव्यक्ति की सच्चाई |
199. लोकप्रिय प्रयोगशील गीतकार के रूप में |
200. हिंदी भवन दिल्ली के महा प्रबन्धक के रूप में |
201. छायावादोत्तर |
202. रमानाथ अवस्थी के गीत व्यष्टि से समष्टि की और विकासमान दिखाई देते हैं |
203. रात और शहनाई' , 'बंद न करना द्वार' |
204. व्यक्तिक गीति कव्व्धरा के गीतकार |
205. रमानाथ अवस्थी के गीतों में प्रेम की सहज निश्च्छल तथा नैतिक रुढियों के प्री आक्रोश झलकता है |
206. मुक्तक गीतों की रचना की है |
207. आम आदमी का दर्द व्यक्त हुआ है |
208. भाषा,बिम्ब ,प्रतीक एवं छंदों का विशेष महत्त्व होता है |
209. रामेश्वर शुक्ल अंचल से प्रभावित हैं|
210. नैतिक एवं मानवतावादी मूल्यों की स्थापना की है |

## खंड - ब (लघु उत्तरात्मक)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में लिखिए.**

1. 'नई कविता का जन्म छायावाद की प्रतिक्रिया स्वरूप हुआ' सिद्ध कीजिए.
2. समकालीन कविता की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए.
3. प्रयोगवाद और नई कविता के अंतर को स्पष्ट कीजिए.
4. 'नई कविता मोहभंग की कविता है.' सोदाहरण पुष्ट कीजिए.
5. 'नई कविता' नई क्यों है?
6. 'आधुनिकता का स्त्पक्ष' नई कविता में कैसे प्रकट हुआ है? रेखांकित कीजिए.
7. कवि शमशेर बहादुर सिंह 'नई कविता के प्रथम नागरिक माने गए हैं. क्यों? स्पष्ट कीजिए.
8. शमशेर बहादुर सिंह के गद्य को कितने भागों में बाँटा जा सकता है? और उनके गद्य की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
9. 'टूटी हुई बिखरी हुई कविता की बिंब योजना पर रकाश डालिए.
10. 'लौट आ ओ धार' की प्रतीक योजना पर टिप्पणी लिखिए.
11. 'एक पीली शाम' का कथ्य अपने शब्दों में लिखिए.
12. शमशेर बहादुर सिंह का जीवन परिचय देते हुए उनके व्यक्तित्व की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
13. मानव और प्रकृति प्रेम शमशेर के काव्य में कैसे प्रकट हुआ है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए.
14. 'सामाजिकता एवं यथर्थ चेतना शमशेर के काव्य की विशेषता है.' स्पष्ट कीजिए.
15. 'शमशेर बिंबों के कवि हैं.' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए.
16. 'शमशेर प्रेम और सौंदर्य के कवि हैं.' इस उक्ति को सोदाहरण रेखांकित कीजिए.
17. शमशेर की प्रतीक योजना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए.
18. 'कवि शमशेर को सही मायने में एक अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी कहा जा सकता है.' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?
19. 'भूल गलती' कविता निरंकुश सत्ता के प्रति आम आदमी के विद्रोह की कविता है. इस उक्ति को सोदाहरण पुष्ट कीजिए.
20. 'भूल गलती' कविता में मुक्तिबोध ने सत्ता के चरित्र के किन पहलुओं को उजागर किया है?
21. ब्रह्मराक्षस का कथ्य अपने शब्दों में लिखिए.
22. 'ब्रह्मराक्षस' कविता में मुक्तिबोध के जीवन की कहानी, उनके जीवनव्यापी संघर्ष तथा उनके प्रति कवि की ईमानदारी अभिव्यक्त हुई है. सोदाहरण स्पष्ट कीजिए.
23. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' में आधुनिक समाज की मूल्यहीनता इस विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए.
24. संकलित कविताओं के आधार पर काव्यभाषा की विशेषताएँ बताइए.
25. मुक्तिबोध के जीवन की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख करते हुए उनके व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए.

26. मुक्तिबोध की काव्य संवेदना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए.
27. मुक्तिबोध की कविताओं में निम्नमध्यवर्गीय जेवण का समग्र चित्रण प्राप्त होता है. आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं?
28. मुक्तिबोध के काव्य में बिंब विधान का सोदाहरण विवेचन कीजिए.
29. मुक्तिबोध की प्रतीक सृष्टि विस्तृत और सार्थक है. इस कथन को तर्कसंगत सिद्ध कीजिए.
30. नई कविता क विकास में मुक्तिबोध के योगदान को रेखांकित कीजिए.
31. नरेश मेहता की साहित्यिक यात्रा पर टिप्पणी लिखिए.
32. महाप्रस्थान खंड काव्य के द्वितीय सर्ग 'स्वाह पर्व' के कथ्य पर प्रकाश डालिए.
33. महाप्रस्थान खंड काव्य के प्रतःम सर्ग 'यात्रा पर्व' में प्रकृति के रमणीय चित्र साकार हुआ है. सोदाहरण स्पष्ट कीजिए.
34. महाप्रस्थान खंड काव्य का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए.
35. महाप्रस्थान खंड काव्य में कवि ने समाज में व्यक्ति के महत्व को प्रतिपादित किया है. सोदाहरण विवेचन कीजिए.
36. महाप्रस्थान खंड काव्य में कवि ने सामान्य मानव और सत्ताधारी मनुष्य के अंतर को किस तरह स्पष्ट किया है, प्रकाश डालिए.
37. 'महाप्रस्थान' खंड काव्य के भाषिक सौंदर्य पर प्रकाश डालिए.
38. 'महाप्रस्थान' खंड काव्य के बिंब विधान की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए.
39. 'महाप्रस्थान' खंड काव्य के काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
40. शब्द संपदा की दृष्टि से 'महाप्रस्थान' खंड काव्य अत्यंत विशिष्ट है. सोदाहरण सिद्ध कीजिए.
41. 'महाप्रस्थान' खंड काव्य में किस तरह सामाजिक संबंधों की अभिव्यक्ति हुई है, स्पष्ट कीजिए.
42. 'लघुता' की स्थापना नई कविता की विशेषता है. 'महाप्रस्थान' खंड काव्य में कैसे प्रकट हुई है?
43. गिरिजा कुमार माथुर प्रेम और प्रकृति के अद्भुत कवि हैं सिद्ध कीजिए.
44. 'निर्णय के क्षण' में कवि की राजनैतिक चेतना पर प्रकाश डालिए.
45. 'धूप के धान' की काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
46. 'मंजीर' काव्य संग्रह में संकलित कविताओं पर छायावाद का प्रभाव स्पष्ट कीजिए.
47. 'कल्पांतर' का कथ्य अपने शब्दों में लिखिए.
48. 'दियाधारी' कविता मों चित्रित लोक आस्था को सोदाहरण विवेचन कीजिए.
49. गिरिजा कुमार माथुर की काव्य भाषा पर संक्षिप्त निबंध लिखिए.
50. गिरिजा कुमार माथुर जीवन के यथार्थ चित्र प्रस्तुत करने वाले कवि हैं सोदाहरण सहित पुष्ट कीजिए.
51. गिरिजा कुमार माथुर के काव्य में लोक जीवन की सजीव अभिव्यक्ति को रेखांकित कीजिए.

52. यथार्थ की अभिव्यक्ति गिरिजा कुमार माथुर के काव्य का अप्रमुख संवेदना पक्ष है. सोदाहरण विवेचन कीजिए.
53. गिरिजा कुमार माथुर की कविता में चित्रित राष्ट्रीयता और विश्व बन्धुत्व की भावना को रेखांकित कीजिए.
54. सौंदर्यानुभूति की दृष्टि से गिरिजा कुमार माथुर का काव्य अलग विशिष्टता लिए हुए है आप कहाँ तक इस कथन से सहमत हैं?
55. 'बांस का पुल' कविता संग्रह की क्या विशेषताएँ हैं?
56. 'गर्म हवाएँ' में संकलित कविताओं की काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
57. 'कुआनो नदी' कविता में ग्रामीण परिवेश का यथार्थपरक चित्रण हुआ है. सोदाहरण विवेचन कीजिए.
58. 'यहीं कहीं एक कच्ची सड़क थी' शीहर्स्क कविता का भाव समझाइए.
59. 'सौंदर्यबोध' कविता में कवि ने वर्तमान जीवन की आत्मकेंद्रित परिस्थिति पर कैसा व्यंग्य किया है?
60. 'कुआनो नदी' कविता की मूल चटना को स्पष्ट कीजिए.
61. व्यंग्य बोध की दृष्टि से सर्वेश्वर के काव्य की विशेषताओं को उद्घाटित कीजिए.
62. 'कोई मेरे साथ चले' और 'जंगल का दर्द' काव्य के आधार पर सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की वैचारिकता और क्रांतिधर्मिता का विवेचन कीजिए.
63. मानवीय करुणा और लोक चेतना सर्वेश्वर के काव्य में कैसे प्रकट हुयी हैं?
64. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के काव्य में चित्रित बिंब विधान का सोदाहरण विवेचन कीजिए.
65. सर्वेश्वर की कविताओं में चित्रित समकालीन परिवेश को रेखांकित कीजिए.
66. राग संवेदना के कवि सर्वेश्वर की कविता का विवेचन-विश्लेषण सौंदर्यबोध की दृष्टि से कीजिए.
67. 'कनुप्रिया' का प्रतिप[अद्य स्पष्ट कीजिए.
68. 'आम्रबौर का अर्थ' में वर्णित संवेदना को रेखांकित कीजिए.
69. 'कनुप्रिया' में स्त्री विमर्श किस रूप में अंकित है?
70. 'आम्रबौर का अर्थ' के भाषिक सौंदर्य पर टिप्पणी लिखिए.
71. 'समुद्र स्वप्न' के कथ्य पर प्रकाश डालिए.
72. आधुनिकता बोध 'कनुप्रिया' में कैसे प्रकट हुआ है? स्पष्ट कीजिए.
73. ठंडा लोहा काव्य संग्रह की कविताओं में मानव की मनःस्थितियों का रूपांकन हुआ है. स्पष्ट कीजिए.
74. 'सात गीत वर्ष' काव्य संग्रह की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए.
75. प्रेम और सौंदर्य की अभिव्यक्ति भारती के काव्य में कैसे प्रकट हुई है?
76. जनवादी चेतना की अभिव्यक्ति धर्मवीर भारती की कविताओं में कैसे मुखरित हुई है?
77. व्यक्ति और समष्टि का समीकरण भारती की कविताओं में कैसे हुआ है?
78. व्यक्ति स्वातंत्र्य और आधुनिकता बोध भारती की कविताओं का मुख्य स्वर है. सोदाहरण स्पष्ट कीजिए.
79. अशोक वाजपेयी की साहित्य संबंधी धारणाओं पर टिप्पणी लिखिए.

80. अशोक वाजपेयी ने बहुधा मृत्यु के कोण से पलटकर जीवन को देखने का उपक्रम अपनी कविताओं में कैसे करते हैं?
81. अशोक वाजपेयी की कविता में चित्रि प्रेमानुभूति को रेखांकित कीजिए.
82. अशोक वाजपेयी की कविताओं की काव्यभाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए.
83. अशोक वाजपेयी के कविताओं में मुखर संवादों के अनेक स्तरों का विवेचन कीजिए.
84. 'प्रेम के शीर्षक' कविता के भाव को स्पष्ट कीजिए.
85. नंदकिशोर आचार्य की काव्यभाषा की विशेषताओं क रेखांकित कीजिए.
86. नंदकिशोर आचार्य प्रथमतः नव अध्यातम की संवेदना के कवि हैं. इस कथन को पुष्ट कीजिए.
87. 'सपना आएगा तुम्हें' शीर्षक कविता का भाव अपने शब्दों में लिखिए.
88. नंदकिशोर आचार्य की प्रेम कविताओं में उल्लास की जगर विडम्बना युक्त अवसादमय अंतर्दृष्टि विद्यमान है. सोदाहरण स्पष्ट कीजिए.
89. नंदकिशोर आचार्य के काव्य की शिल्पगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए.
90. नंदकिशोर आचार्य के काव्य पर अज्ञेय के प्रभाव को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए.
91. 'नवगीत और नई कविता' अभिन्न हैं। इस कथन के सन्दर्भ में अपने विचार कीजिए।
92. 'नवगीत नई कविता हो ही नहीं सकता'। इस तथ्य को सोदाहरण स्पष्ट कीजिये।
93. यश मालवीय के मतानुसार गीतों की विशेषताएं लिखिए जो उन्हें अमरत्व प्रदान करती हैं।
94. कविवर नईम के गीत ग्रामीण व्यथा-कथा का ऐतिहासिक दस्तावेज हैं - उदहारण सहित स्पष्ट कीजिए।
95. नवगीत में ऋतु का वर्णन अधिक हुआ है और क्यों? लिखिए ।
96. 'शहर बसें हैं....शंका-भय-छल वैसे ही' कुमार रविन्द्र की ये पंक्तियाँ किस अभिशप्त जीवन को रेखांकित करती है?
97. सोहनलाल द्विवेदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिये।
98. 'गुलामी से लड्डू खाने से आज़ादी के चने चबाना बेहतर है'। इस कथन से द्विवेदी की किस भावना का बोध होता है?
99. सोहनलाल द्विवेदी के गीतों की विशेषताएं उदहारण सहित लिखिए।
100. सोहनलाल द्विवेदी ने अपनी रचना 'भैरवी' में किस शब्द शक्ति का प्रयोग किया है और क्यों? स्पष्ट कीजिये।
101. द्विवेदी जी के गीतों की प्रासंगिकता पर अपने विचार लिखिए।
102. द्विवेदी जी ने छंदों का प्रयोग परंपरागत छंद से हटकर किया कैसे? उल्लेख कीजिये।
103. वीरेंद्र मिश्र का जीवन परिचय संक्षेप में दीजिये ।
104. 'गीत' वीरेंद्र मिश्र जी के लिए प्रतिरोध का अस्त्र है - इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए ।
105. वीरेंद्र मिश्र के कृतित्व के बारे में लिखिए ।
106. 'नवगीत' की विशेषताएं वीरेंद्र मिश्र के गीत पूर्णतः विद्यमान है । सोदाहरण स्पष्ट कीजिये ।

107. समीक्षकों का विचार है की 'गीत बहुत नाजुक विधा है।' वीरेंद्र मिश्र के गीतों में यह विचारधारा कैसे मिथ्या हो जाती है? सिद्ध कीजिये ।

108. 'फूलों की जाति नहीं होती, रंगों की जाति नहीं होती' - वीरेंद्र मिश्र की इन पंक्तियों में कौनसा भाव झलकता है? स्पष्ट कीजिये ।

109. भवानीप्रसाद मिश्र जी की दैनिक कविता में वर्तमान समाज की विसंगतियां परिलक्षित होती हैं| स्पष्ट कीजिए|

110. 'नई कविता' में भवानीप्रसाद मिश्र का योगदान बताइए|

111. भवानीप्रसाद की कविताएँ गाँधी दर्शन बनाम जीवन दर्शन के रूप में आया है | इस कथन पर प्रकाश डालिए|

112. "सोची हुई अभिव्यक्ति से मैंने कभी अपने को व्यक्त नहीं किया |" भवानीप्रसाद मिश्र का इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए |

113. भवानीप्रसाद मिश्र के काव्य में शैली शिल्प तथा कथ्य पर अपने विचार व्यक्त कीजिए |

114. भवानीप्रसाद मिश्र की कविताएँ समकालीन आन्दोलन से भिन्न होकर भी विशिष्ट है | स्पष्ट कीजिए |

115. कवि नीरज का जीवन परिचय दीजिए |

116. कवि नीरज के गीतों के विषय में डॉ. भागीरथ मिश्र की टिप्पणी के बारे में बताइए|

117. 'नीरज' गीतों में संवेदना के अनेक रूप आए हैं सोदाहरण लिखिए |

118. 'नीरज के गीतों में मानवतावाद' इस कथन की विवेचना कीजिए |

119. नीरज के गीतों में संगीतात्मकता एवं चित्रात्मकता का प्राचुर्य है - इस कथन की पुष्टि सतर्क कीजिए |

120. नीरज की कं रचनाओं में अन्तर्राष्ट्रीय बोध झलकता है | उदाहरण सहित बताइए|

121. मेरा रूप तुम्हारा दर्पण' गीति संग्रह की व्याख्या कीजिए |

122. राही की गीत दृष्टि का विवेचन कीजिए |

123. समसामयिक विकृतियों तथा असंगतियों पर राही ने करारे व्यंग्य किए हैं - इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए |

124. बालस्वरूप राही के गीत पारम्परिक गीतों से हटकर है |उदहारण सहित स्पष्ट कीजिए |

125. बालस्वरूप रही के गीतों में सामाजिक और राजनैतिक चेतना की प्रखरता है | इस कथन की विवेचना कीजिए |

126. बालस्वरूप राही के गीतों की भाषा सरल है |स्पष्ट कीजिए |

127. रमानाथ अवस्थी के कृतित्व का परिचय दीजिए |

128. रमानाथ अवस्थी मूलतः छायावादोत्तर गीति काव्यकर हैं स्पष्ट कीजिए |

129. रमानाथ अवस्थी के काव्य के शिल्प पर प्रकाश डालिए |

130. दर्द ही है इसके माध्यम से व्यक्ति दुनिया का वास्तविक अर्थ समझ पाता है - 'यदि दर्द न होता' गीत के सन्धर्भ में व्याख्या कीजिए |

131. रमानाथ अवस्थी ने अपने गीतों में जीनावस्था और जिजीविषा के स्वर बुलंद करता है | उदहारण सहित स्पष्ट कीजिए |

132. रमानाथ अवस्थी के काव्य में शब्द सम्पदा एवं सूक्ति प्रयोग की सुन्दर अभिव्यक्ति हुई है| कैसे तर्क सहित उत्तर दीजिए |

## खंड - स (निबंधात्मक)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 500 शब्दों में लिखिए.**

1. नई कविता के उद्भव और विकास पर एक समीक्षात्मक निबन्ध लिखिए.
2. नई कविता की सामान्य प्रवृत्तियों के रेखांकित कीजिए.
3. नई कविता के विविध आंदोलनों का संक्षिप्त परिचय दीजिए.
4. नई कविता की शिल्पगत विशेषताओँ का विवेचन कीजिए.
5. शमशेर बहादुर सिंह की साहित्यिक यात्रा को रेखांकित कीजिए.
6. प्रमुख कविताओं के आधार पर कवि शमशेर की काव्यभाषा की विशेषताओं का विवेचन कीजिए.
7. 'सागर तट' और 'घिर गया समय का रथ' में प्रकृति चित्रण किस रूप में अंकित है? स्पष्ट कीजिए.
8. चित्रकार के रूप में शमशेर बहादुर सिंह की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
9. शमशेर की काव्यभाषा पर प्रकाश डालिए.
10. शमशेर की काव्य संवेदना का सोदाहरण विवेचन कीजिए.
11. शमशेर के काव्य शिल्प की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
12. आधुनिक हिंदी कवियों में शमशेर को 'कवियों के कवि' के रूप में जाना जाता है. इस कथन को पुष्ट कीजिए.
13. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' में प्रयुक्त फैंटसियों और बिंब विधान का सोदाहरण परिचय दीजिए.
14. 'ब्रह्मराक्षस' और 'चाँद का मुंह टेढ़ा है' में मुक्तिबोध ने प्रकृति के उपमानों का प्रयोग नए रूप में किया है. उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए.
15. संकलित कविताओं के आधार पर मुक्तिबोध के काव्य शिल्प की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
16. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' का सारंश अपने शब्दों में लिखिए.
17. मुक्तिबोध की काव्यभाषा की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
18. मुक्तिबोध के काव्य में प्राप्त प्रगतिवादी, प्रयोगवादी, अस्तित्ववादी तथा मानवतावादी तत्वों का परिचय दीजिए.
19. मुक्तिबोध की कविताओं में फैंटेसी और यथार्थबोध का अद्भुत मिश्रण है. सोदाहरण स्पष्ट कीजिए.
20. मुक्तिबोध के काव्य में कलात्मक अभिव्यक्ति पर संक्षिप्त निबंध लिखिए.
21. महाप्रस्थान खंड काव्य में निहित सन्देश को स्पष्ट कीजिए.
22. महाप्रस्थान खंड काव्य के माध्यम से कवि किन मूल्यों की स्थापना करने का प्रयास किया है?
23. महाप्रस्थान खंड काव्य ,में पौराणिक कथा के माध्यम से समकालीन यथार्थ को किस तरह से अभिव्यक्त किया गया है?
24. नरेश मेहता के जीवन और साहित्यिक प्रदेय पर प्रकाश डालिए.
25. नरेश मेहता की काव्य संवदना को रेखांकित कीजिए.
26. नरेश मेहता के काव्य की शिल्पगत विशेषताओं का विवेचन कीजिए.

27. 'महाप्रस्थान' खंड काव्य का कथ्य अपने शब्दों में लिखिए.
28. नरेश मेहता के काव्य में प्रतीक योजना पर प्रकाश डालिए.
29. गिरिजा कुमार माथुर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए.
30. गिरिजा कुमार माथुर की प्रमुख काव्य कृतियों का परिचय दीजिए.
31. गिरिजा कुमार माथुर की कविताओं में चित्रित सामाजिक यथार्थ को रेखांकित कीजिए.
32. 'असिद्ध की व्यथा' कविता का मूल भाव क्या है?
33. गिरिजा कुमार माथुर की काव्य संवेदना पर प्रकाश डालिए.
34. गिरिजा कुमार माथुर की कविताओं का शिल्पगत विवेचन प्रस्तुत कीजिए.
35. गिरिजा कुमार माथुर की काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
36. 'गिरिजा कुमार माथुर का काव्य युग प्रतिनिधित्व के गुणों से परिपूर्ण बन पड़ा है' आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं?
37. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के काव्य संग्रहों का परिचय दीजिए.
38. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के काव्य में चित्रित क्रांतिधर्मी चेतना को रेखांकित कीजिए.
39. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए.
40. पठित कविताओं के आधार पर सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की काव्यभाषा का विवेचन कीजिए.
41. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना नई कविता के अपरिहार्य हस्ताक्षर है. इस कथन को पुष्ट कीजिए.
42. सर्वेश्वर के काव्य के संवेदना पक्ष को उद्घाटित कीजिए.
43. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की अभिव्यंजना पक्ष नवीन और मौलिक विशेषताओं से युक्त है. इस कथन की सार्थकता पर विचार कीजिए.
44. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की काव्यभाषा की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
45. 'कनुप्रिया' वह कृति है जिसमें पुरानी कथा के माध्यम से नए कथ्य को संप्रेषित किया है. इस कथन को सोदाहरण पुष्ट कीजिए.
46. 'समुद्र स्वप्न' और 'आम्रबौर का अर्थ' कविताओं के आधार पर राधा के व्यक्तित्व की विशेषताएँ बताइए.
47. 'कनुप्रिया' में प्रणय भावना अको भारती ने एक वैचारिक पृष्ठभूमि प्रदान की है. इसका विवेचन कीजिए.
48. 'समुद्र स्वप्न' के भाषिक सौंदर्य पर प्रकाश डालिए.
49. धर्मवीर भारती के काव्य में नई कविता वाले प्रभावों को रेखांकित कीजिए.
50. धर्मवीर भारती व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए.
51. धर्मवीर भारती के काव्य की मूल संवेदना का स्वर क्या है?
52. धर्मवीर भारती के काव्य में अभिव्यंजित पक्ष की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
53. अशोक वाजपेयी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए.
54. अशोक वाजपेयी की काव्य संवेदना का विवेचन कीजिए.
55. समकालीन कविता के संदर्भ में अशोक वाजपेयी के काव्य का मूल्यांकन कीजिए.
56. अशोक वाजपेयी के आवय शिल्प की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए.
57. नंदकिशोर आचार्य के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए.
58. नंदकिशोर आचार्य की साहित्य और काव्य संबंधी मान्यताओं पर प्रकाश डालिए.

59. नंदकिशोर आचार्य के काव्य के संवेदना पक्ष को विवेचिते कीजिए.
60. समकालीन कविता के संदर्भ में नंदकिशोर आचार्य के काव्य का मूल्यांकन कीजिए.
61. 'नवगीत' की विशेषताएं विस्तारपूर्वक लिखिए।
62. आंचलिकता और लोक संवेदना 'नवगीत' के प्राणाधार हैं उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
63. 'पारिवारिक संबंधों का निर्वहन नवगीत की मुख्य विशेषता है। आज के परिप्रेक्ष्य में इस कथन की प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए।
64. नवगीत कार ने अपनी रचनाओं में समाज की किन विसंगतियों को उकेरा है? विस्तार से लिखिए.
65. 1. सोहनलाल द्विवेदी का संविदात्मक एवं शिल्प पक्ष राष्ट्रीयता से ओतप्रोत है। उदहारण सहित लिखिए।
66. 2. सोहनलाल द्विवेदी के काव्य में ओजग्रण प्रलिक्षित होता है। इस कथन की पुष्टि उदाहरण द्वारा कीजिए।
67. 3. सोहनलाल द्विवेदी के गीतों में राष्ट्रीयता का परचम लहराता है। इस कथन की व्याख्या कीजिए।
68. 4. वर्तमान युग में सोहनलाल द्विवेदी जैसे रचनाकारों की आवश्यकता हैं - तर्क सहित उत्तर दीजिए।
69. ‘पथभ्रष्ट संसद है जहाँ’ - इस कथन के परिपेक्ष्य में वीरेंद्र मिश्र के क्षोभ को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए|
70. वीरेंद्र मिश्र के गीतों की भाषिक विशेषता को स्पष्ट कीजिए |
71. वीरेंद्र के गीतों का शिल्प आकर्षक और सम्वेदना से भरपूर है| सोदाहरण विवेचन कीजिए |
72. ‘तुमने महकाई ....... प्रतिबंध से मुझे क्या |’ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए |
73. ’भवानीप्रसाद मिश्र की कविता में पृकृति तथा मानव जीवन में अभिन्नता और एकरूपता का गहरा आभास है’ इस कथन की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए |
74. ’भवानीप्रसाद मिश्र की प्रगतिशील चेतना उनके काव्य में दृष्टव्य होती है - विस्तार पूर्वक स्पष्ट कीजिए |
75. मैं कविता नहीं लिखता, कविता मुझे लिखती है | मिश्र जी के इस कथन की पुष्टि उदाहरण सहित कीजिए|
76. भवानीप्रसाद मिश्र के काव्य के सम्वेदना पक्ष को विवेचित कीजिए |
77. नीरज के गीतों की शिलाप्गत विशेषताएँ लिखिए |
78. ”नीरज व्यक्तिवादी कवि हैं” इस कथन के आलोक में नीरज के गीतों की व्याख्या कीजिए |
79. नीरज के मतानुसार गीतों की अवधारणा एवं उसके तत्वों को स्पष्ट कीजिए |

80. नीरज के गीत तत्कालीन राजनीति की विसंगतियों पर चोट करते हैं |कैसे उदाहरण सहित लिखिए |
81. बालस्वरूप राही के व्यक्तित्व और कृतित्व का परिचय दीजिए|
82. क्या गीतों की प्रासंगिकता आज भी है - इस सन्दर्भ में राही के गीतों के औचित्य पर प्रकाश डालिए|
83. बालस्वरूप राही के गीतों की शिल्पगत वैशिष्ट्य पर टिपण्णी कीजिए|
84. बालस्वरूप राही के गीतों की मूल चेतना पर प्रकाश डालिए|
85. हिंदी गीति काव्य परम्परा में रमानाथ अवस्थी का महत्वपूर्ण योगदान है , सोधारण स्पष्ट कीजिए|
86. रमानाथ अवस्थी के काव्य के भाव पक्ष की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए |
87. रमानाथ अवस्थी के काव्य के शिल्प पक्ष पर विवेचनात्मक लेख लिखिए |
88. रमानाथ अवस्थी के काव्य में परिवेशगत विषमता का चित्रण बखूबी हुआ है| उदहारण सहित स्पष्ट कीजिए